डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
01 जनवरी 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

# नए साल का पहला दिन श्रद्धा-भक्ति के नाम



भोपाल में नये साल की पहली सुबह का बाहें फैलाकर स्वागत करते युवा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आंग्ल नववर्ष के अवसर पर आज सुबह से मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भारी सर्दी और कोहरे के बीच भी तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां मंदिर और जिला प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। कलेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि नए साल के पहले दिन बड़ी सं या में श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सुबह भस्मार्ती के समय चलित भस्मार्ती चलाई गई, जिसमें बड़ी सं या में लोगों ने दर्शन किए। पार्किंग और मूलभूत सुविधाओं के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं खंडवा स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगने की खबरें हैं। यहां भीषण सर्दी के बीच भी श्री ओंकारेश्वर दर्शन और नर्मदा स्नान के लिए बड़ी सं या में लोग पहुंचे। राज्य के अन्य प्रमुख मंदिरों निवाड़ी जिले के ओरछा, सतना जिले के चित्रकूट, मैहर देवी माता समेत अन्य मंदिरों में भी नए साल के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। भीड़ को देखते हुए लगभग सभी स्थानों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।





लंदन के आई फेरिस व्हील पर आतिशबाजी और बारिश के बीच नये साल का जश्न मनाते लोग।

## कड़ाके की सर्दी के बीच उज्जैन, ओंकारेश्वर व नर्मदा तटों पर उमड़े लोग

## घरों में हुए जश्न का दारोमदार रहा ऑनलाइन आर्डर पर !

**नई दिल्ली।** बीती 31 दिसंबर की रात भारत में लोगों का जश्न ऑनलाइन आर्डर पर भी निर्भर रहा है।खासतौर पर घरों में पार्टी का दारोमदार ऑनलाइन ऑर्डर प्लेटफॉर्म्स पर ही रहा। भारतीयों का अंदाज जानने के लिए बिलंकिट और स्विगी प्लेटफॉर्म्स ने आज दिलचस्प आंकड़े साझा किए. इससे पता लगता है कि लोगों का मूड क्या था। इसमें बताया गया है। आलू भुजिया से लेकर बर्फ के पैकेट्स तक, हर चीज के ऑर्डर की बाढ़ आ गई। ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कल रात 8 बजे तक ही 2.3 लाख पैकेट आलू भुजिया डिलीवर किए।

## कचरे पर किचकिच.. रात को रवाना होगा यूका का जहरीला कचरा, इंदौर में विरोध तेज

### विजयवर्गीय भी सामने आए

**भोपाल/इंदौर,दोपहर मेट्रो**

राजधानी की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का 337 टन जहरीला कचरा अब निस्तारण के लिए रात को इंदौर के पीथमपुर रवाना होने के लिये तैयार है। इसके लिये ग्रीन कारिडोर बनाया जा रहा है। वहीं पीथमपुर लाने की कवायद के बीच कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कह दिया है कि इंदौर या पीथमपुर की सेहत के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। जब तक जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं हो जाते कि इस कचरे से नागरिकों के स्वास्थ्य को कोई हानि नहीं है, तब तक इसे पीथमपुर नहीं आने देंगे। वहीं गैस त्रासदी राहत मंत्री विजय शाह का कहना है कि यह प्रक्रिया न्यायालय के आदेश पर हो रही है। इसमें केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम भी शामिल है। अब अगर किसी को इस प्रक्रिया पर आपत्ति है तो वह न्यायालय के समक्ष जा सकता है। गौरतलब है कि भोपाल की यूनियन कार्बाइड गोदाम में रखा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा 12 कंटेनर में लोड हुआ है। कुछ जरूरी काम आज सुबह से पूरे किये जा रहे हैं। इन कंटेनरों को 250 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर आज रात में ही पीथमपुर रवाना करने की तैयारी है। कंटेनर उस समय रवाना किए जाएंगे, जब सड़क पर ट्रैफिक नहीं रहेगा। कचरा लोड करने की हर प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। जहरीले कचरे को कड़ी सुरक्षा के साथ ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजा जाएगा। यहां कचरे को रामकी एनवायरो में जलाया जाएगा।



## 2025 में चार नए मिशन, युवा, महिला, गरीब व किसान कल्याण

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

नए साल 2025 में मप्र सरकार 4 नए मिशन युवा, महिला, गरीब व किसानों का कल्याण करने के लिए शुरू कर रही है। सरकार ने इसका खाका तैयार कर लिया है। इसी महीने इनकी शुरुआत होगी। मोहन सरकार की कुछ नई योजनाएं भी जमीन पर उतर सकती हैं । मसलन अभी कुल उत्पादित दूध का 96 फीसद हिस्सा सहकारी सेक्टर से बाहर है, इसकी प्रोसेसिंग, मार्केटिंग सहकारी दुग्ध संयंत्रों के जरिए होगी। जनता को फायदा होगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। माधव नेशनल पार्क 9वां टाइगर रिजर्व बनेगा तो गांधी सागर अभयारण्य बसेंगे।

**मिशन में ये होगा:** युवा शक्ति मिशन में युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के काम होंगे। गरीब कल्याण मिशन में गरीब और वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं दी जाएगी। नारी सशक्तिकरण मिशन में महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के साथ उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। किसान कल्याण मिशन में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ कृषि को और अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने के काम होंगे।

### जनता दरबार लगाएंगे यादव



नए साल में मप्र की मोहन सरकार एक प्रयोग जनता दरबार के रूप में करने जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सीएम हाउस में जनता दरबार का आयोजन करने वाले हैं। इसके जरिए मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान होगा। पहला जनता दरबार 6 जनवरी को लगाने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। यूपी में सीएम योगी भी जनता दर्शन के नाम से दरबार लगाते हैं। मप्र में सीएम रहे दिग्विजय सिंह, उमा भारती और शिवराज सिंह भी जनता की शिकायतें सुनते रहे हैं।

## देश में भूगर्भ जल रिचार्ज में 7 साल के दौरान अच्छी प्रगति

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में कुल वार्षिक भूगर्भ जल रिचार्ज में पिछले 7 वर्ष के दौरान 5 गुना वृद्धि हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील द्वारा जारी रिपोर्ट 'भूगर्भ-जल संसाधन का परिवर्तनशील आकलन, 2024'' के अनुसार वर्ष 2017 में देश में भूगर्भ जल रिचार्ज वार्षिक अब घन मीटर हुआ करता था जो अब बढ़कर 15 बीसीएम तक पहुंच गया है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति अनुसार परिवर्तनशील भूगर्भ जल रिचार्ज की स्थिति का मूल्यांकन केंद्रीय भूगर्भ जल बोर्ड द्वारा राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र के साथ संयुक्त रूप से किया गया है। इसका उद्देश्य है कि इस रिपोर्ट के आधार पर संबद्ध पक्ष आवश्यकता पड़ने पर उपयुक्त हस्तक्षेप कर सकें। आकलन के अनुसार देश में कुल वार्षिक भूजल रिचार्ज 446.90 बीसीएम आंका गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार यदि प्राकृतिक रूप से खत्म होने वाले भूगर्भ जल को छोड़ दें तो निकालने योग्य योग्य भूजल संसाधन की वार्षिक उपलब्धता 406.19 बीसीएम रहती है। देश में भूजल दोहन का औसत स्तर 60.47 प्रतिशत बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि में लाल पोखरों और जल संरक्षण के अन्य प्रणालियों से भूगर्भ जल रिचार्ज में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट जारी करने के लिए कल आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग की सचिव देवश्री मुखर्जी, मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव सुबोध यादव और केंद्रीय भूगर्भ जल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार ए बास्त उपस्थित थे।




# बदलाव: पेंशनर्स आज से किसी भी बैंक से निकाल सकेंगे पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

नए साल के पहले दिन और हर माह की पहली तारीख को कीमतों व नियमों में होने वाले परिवर्तन के तहत ऑयल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में कटौती की है आज से कमर्शिलय सिलेंडर की कीमतों में करीब तीस रूपये की कमी हुई है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर पर कोई राहत नही दी गई है। वहीं अब ईपीएफओ भी पेंशनर्स को बड़ी राहत देने जा रहा है, जिसके बाद वे किसी भी बैंक से अपनी पेंशन निकाल सकेंगे। दरअसल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पेंशनर्स के लिए नया नियम लागू कर रहा है। पेंशनर्स अपनी पेंशन राशि देश के किसी भी बैंक से निकाल सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी अतिरिक्त वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने 4 सितंबर को कर्मचारी पेंशन योजना के लिये केंद्रीकृत पेंशन पेमेंट सिस्टम को मंजूरी दी थी।

इसी तरह आज साल के पहले दिन से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किसानों को बिना गारंटी 2 लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। बीते दिनों केंद्रीय बैंक ने किसानों के लिए बिना गारंटी लोन की लिमिट में इजाफा करने का ऐलान किया था। जिसके चलते अब उन्हें 1.6 लाख रुपये नहीं, बल्कि दो लाख रुपये तक का लोन मिल पाएगा। इसी तरह हवाई यात्रा करने वालों के लिए भी खुशखबरी है, क्योंकि पहली जनवरी से हवाई ईंधन यानी एयर टर्बाइन फ्यूल के दाम में भी कटौती की गई है। इससे टिकट के दाम कम हो सकते हैं।



## मेट्रो एंकर

## कमर्शियल गैस सिलेंडर भी सस्ता

### कार खरीदना हुआ महंगा




1 जनवरी से कार खरीद महंगी हो गई है। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई, और टोयोटा समेत तमाम कंपनियों ने अपनी गाड़ियों की कीमत में 2 से 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया गया था, जो 1 जनवरी से लागू हो रहा है। इसमें छोटी हैचबैक से लेकर लग्जरी कारें तक शामिल हैं.

## नए साल का स्वागत







भोपाल, दोपहर मेट्रो। मंगलवार देर रात तक लोगों ने नए साल का जश्न मनाया।

# शहर में नए साल का ग्रैंड वेलकम हुआ

## देर रात तक होटलों, रिसॉर्ट्स में मना जश्न

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानीवासियों ने कडाके की सर्दी के बावजूद अपने अपने तरह से नए साल 2025 का ग्रैंड वेलकम किया। बीती रात जमकर मस्ती और धमाल किया गया। रात के 12 बजते ही गुडबाय 2024, वेलकम 2025 का शोर ?सुनाई दिया। सडकों पर पटाखे भी चलाए गए। रात को सेलिब्रेट करने के लिए होटल-रिसोर्ट में बुकिंग पहले से ही फुल हो गई थी। शहर के कुछ खास होटल्स और रिसोर्ट्स में अलग-अलग थीम पर पार्टियां रखी गईं। कई लोगों ने बोनफायर और म्यूजिक लाइट का भी आनंद लोगों ने लिया। बड़ी संख्या में यूथ सेलिब्रेट करने शहर के होटल्स और रिसोर्ट पहुंचे।आज भी यह जश्न जारी है और कई स्थानों पर आगामी रविवार तक बुकिंग चल रही है। आज भी होटल्स और रिसोर्ट्स में पार्टियां जारी रहेंगी। उधर, सुरक्षा को लेकर पुलिस भी अलर्ट है। रात को चेक पॉइंट बनाकर जगह-जगह पुलिस चेकिंग करती रही। शराब पीकर गाड़ियां चलाने वालों पर कार्रवाई की गई है और यह जारी रहेगी।

### पहला दिन जबर्दस्त सर्द

नए साल के पहले दिन भोपाल में सुबह कडाके की सर्दी व घना कोहरा छाया रहा। सुबह आठ बजे ही पारा 10 के आसपास था। शहर में विजिबिलिटी 100 मीटर रही। । इस बार भोपाल में साल 2024 का नवंबर-दिसंबर महीना कड़ाके की ठंड वाला रहा है। नवंबर में 36 और दिसंबर में 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। ऐसा ही मौसम जनवरी में भी रहेगा। मौसम विभाग की माने तो 15 जनवरी तक भोपाल में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। शीतलहर और कोल्ड-डे की स्थिति भी बनी रहेगी। सर्दी के दौर में सबसे ठंडा जनवरी महीना रहता है। पिछले 10 साल के टेम्प्रेचर पर नजर डालें तो पारा 9 डिग्री के नीचे ही रहा है। 13 जनवरी 2017 की रात में टेम्प्रेचर सबसे कम 4 डिग्री तक पहुंचा था। वहीं, 90 साल पहले 18 जनवरी 1935 की रात में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 0.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। पिछले 10 साल में पारा सामान्य से 2 से 6 डिग्री तक कम रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन यानी, आज व कल मध्यम कोहरा रहेगा। दिन में सर्द हवा भी चलेगी।

### फूडीज ग्रुप ने ड्रेस कोड में मनाया जश्न



इस खास मौके पर भोपाल के अल्टीमेट फूडीज ग्रुप मेम्बर्स को होटेल सयाजी में न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन आयोजित किया। ग्रुप फाउंडर आबिद फारूकी ने बताया कि न्यू ईयर पार्टी को खास बनाने के लिए रेड एंड ब्लैक ड्रेस कोड के साथ खास थीम तैयार की गयी। जिसमें महिला ग्रुप मेंबर्स ने रेड कलर कोड वेस्टर्न ड्रेस और पुरुष सदस्यों ने ब्लैक ड्रेस कोड के साथ एयर बैलून और पार्टी प्रॉप्स न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। स्पेशल केक कट कर सभी मेंबर्स ने हवा में बैलून छोड़ कर नए साल का आगाज किया। गौरतलब है की अल्टीमेट फूडीज भोपाल के साथ मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा और इंडिया का सेकंड लार्जेस्ट फूड ग्रुप है। इसमें रेस्टोरेंट्स, आउटलेट्स, क्लाउड किचन, मास्टर शेफ और फूड आर्टिस्ट भी जुड़े हैं। इस मौके पर अल्टीमेट फूडीज की टीम से रीनू यादव, कैप्टेन उपेंद्र सिरोठिया, रिषभ माहेश्वरी, मोनिस खान, अजय देवनानी उसामा, अर्शी, स्मिता, दीपक पंथी के साथ 25 टीम मेंबर्स ने मिलकर होटल सयाजी में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया।

# राजधानी में बढ़ेंगे विदेशी पर्यटक सभी पसंद आ रहा टाइगर रिजर्व

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब राजधानी में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इसकी वजह नया नवेला रातापानी टाइगर रिजर्व है। विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद ही टाइगर रिजर्व है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार मप्र में साल 2023 में 1 लाख 82 हजार विदेशी पर्यटक आए। जिनमें से सबसे ज्यादा 37 फीसदी पन्ना, 12 फीसदी बांधवगढ़, 8 फीसदी कान्हा और 4.5 फीसदी पेंच पहुंचे।



### खूबियों से भरा भोपाल, लेकिन फिर भी पीछे

प्रदेश में साल 2023 में विदेशी और भारतीय मिला कर कुल 11 करोड़ 21 लाख पर्यटक आए। इसमें से भोपाल की झोली में महज 1.7 फीसदी ही पर्यटक आ सके। यह स्थिति तब है जब भोपाल के पास मध्य भारत का अकेला पंचकर्म एंड वेलनेस सुपर स्पेशिएलिटी सेंटर है। इसके साथ हेरिटेज, रिलिजियस, वाटर और फिल्म टूरिज्म की खूबी भी है। बताया जाता है कि भोपाल में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। टाइगर रिजर्व खासतौर पर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। जो न केवल भोपाल बल्कि प्रदेश के हित में होगा।

### प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व से लें सीख

- **रुकने की सुविधा**- बांधवगढ़ में रेस्ट हाउस, फैमिली सुइट्स और लॉज उपलब्ध हैं। कई निजी रिसॉर्ट्स और होटल्स भी हैं।
- **जंगल सफारी**- रातापानी से कई गुना अधिक संख्या में जीप सफारी और कैंटर सफारी की सुविधा है। इसके अलावा भोजन व पेय सुविधाएं, अनुभवी गाइड व सुरक्षा और चिकित्सा सुविधा तक मौजूद हैं।

### भोपाल में पर्यटन की स्थिति

- भोपाल 19,50,9651,168
- भोजपुर 16,44,850 397
- सलकनपुर 25,65,0000
- भीमबेटका 1,42,735 962

*साल 2023 भारतीय पर्यटक विदेशी पर्यटक*

## भोपाल से हैदराबाद की दूसरी उड़ान 10 जनवरी से होगी शुरू

**भोपाल.** भोपाल से हैदराबाद जाने के लिए इंडिगो दूसरी उड़ान शुरू करने जा रही है। कंपनी ने एयरपोर्ट अथोरिटी से इसके लिए स्लॉट बुक करने की औपचारिकता भी पूरी कर ली है। बता दें कि हैदराबाद के लिए एक ही उड़ान होने के कारण यात्रियों को काफी महंगा किराया देकर बुकिंग करनी पड़ती थी। कभी-कभी तो स्पाट फेयर 15 हजार रुपए होता था। अब ये घटकर 6 से 8 हजार हो जाएगा। अगर यात्री बुकिंग 15 से 20 दिन पहले करें तो 5000 से 7000 रुपए में भी सीट मिलेगी। अभी इंडिगो की एक उड़ान हैदराबाद के लिए संचालित है और यह हैदराबाद के लिए शाम 7.15 बजे से जाती है।

## जेएसएस ने 45 लाख से अधिक जरूरतमंदों की सेवा की

**हिरदाराम नगर.** जीव सेवा संस्थान 30 के सचिव महेश दयारामानी ने 30 सालों में संस्थान के सेवा कार्यों को गिनाया है। आने वाले वर्ष 2025 में अपनी सभी सहयोगी संस्थान के साथ मिलकर और अधिक उत्साह से सेवा कार्य में समर्पित रहने का संकल्प दोहराया है। बता दे जेएसएस समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और भरण-पोषण के क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रहा है। अब तक 45 लाख से अधिक लोग इस संस्थान की सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। यह संस्थान देश की उन गिनी-चुनी परोपकारी संस्थाओं में शामिल है, जो इतने बड़े स्तर पर सेवा कार्य संचालित करती हैं। वर्ष 2024 में भी संस्थान ने समाज के कमजोर व वंचित वर्गों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान की। 47 गरीब बालिकाओं के विवाह सहायता, 508 गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, 318 विधवाओं को प्रतिमाह पेंशन सहायता, 353 गरीब परिवारों को प्रतिमाह राशन सहायता, 75 गरीब रोगियों को चिकित्सा सहायता, 62 परिवारों को मृतक सदस्य के अंतिम संस्कार के लिए सहायता कर चुकी है। 8 गरीब गर्भवती महिलाओं को पोषण सहायता, 2364 गरीबों और खुले में सोने वालों को कंबल वितरण किया। इसके अलावा अपनी सहयोगी संस्थाओं व अन्य परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से 233 गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, 35 गरीब रोगियों को चिकित्सा सहायता, 15 गरीब परिवारों को प्रतिमाह राशन सहायता, 40 विकलांगों को सहायक उपकरण दिए हैं। 120 निः शुल्क आंखों के ऑपरेशन कराए हैं।

## सप्ताह में 5 दिन घर-घर जाकर कार्यकर्ता बना रहीं आयुष्मान

**भोपाल.** बिना किसी आर्थिक और सामाजिक स्तर का भेद किए 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 800 मैदानी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। इसमें 300 एएनएम और 500 आशा कार्यकर्ता शामिल हैं। यह सप्ताह में पांच दिन घर- घर जाकर बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बना रही हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी के अनुसार अब तक 27 हजार से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कॉलोनी में बुजुर्गों की संख्या की जानकारी देकर आयुष्मान शिविर भी लगवा सकता है।

## सिंधी महिला पंचायत ने किया ब्रह्म दर्शन पाठ

**हिरदाराम नगर.** नव वर्ष के स्वागत में सिंधी महिला पंचायत द्वारा लगातार दो दिन ब्रह्म दर्शनी पाठ साहिब का वाचन किया गया, पद्मा उदासी ने पाठ साहिब किया और श्रद्धालुओं ने राम धुनी लगाई गई। अरदास, पल्लव, भजन -कीर्तन भी हुआ। सावित्री देवी प्रियानी की पुण्य तिथि पर कन्या भोज कराया गया। पंचायत की किरण वाधवानी, मधु लालवानी, मयूरी मुरजानी, नूतन लखानी, नेहा आहूजा, नैना वाधवानी, मुस्कान कृपलानी, माया भगवानी, द्रोपदी वाधवानी, लाजवंती वाधवानी, वासदेवी गंगवानी, चंदा पेसवानी, कन्हैया प्रियानी साक्षी प्रियानी मौजूद रहीं।




## प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण कार्ड का विमोचन हुआ



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सैनिक कॉलोनी नुक्कड वाली माता मंदिर प्रागंण में 17 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक हनुमान महाराज जी की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ महोत्सव होगा। गुफा मंदिर के महामण्डलेश्वर रामप्रवेश दासजी महाराज समारोह के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। रामप्रवेश दास ने कहा कि कलयुग में श्री हनुमान जी महाराज की विशेष कृपा है। समस्त नुक्कड वाली माता मंदिर समिति के सदस्यों को धार्मिक कार्य करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रवि पटेरिया ने गुफा मंदिर के पूजारी पं लेखराज शर्मा, गोविंद शर्मा, नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, गोविंद गर्ग को भी आमंत्रण दिया।

**मेट्रो एंकर** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई

# शुभता से भर देता है जीवन को बड़ों का आशीष : भाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया। खट्टी मीठी यादों को ताजा करते हुए, 11वीं के साथियों को विद्यालय ध्वजा सौंपी है। विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमैन सिद्धभाऊजी विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। भाऊजी ने कहा कि बड़ों का आशीष जीवन को शुभता से भर देता है। आप सभी आगे के जीवन में चारित्रिक रूप से सदैव मजबूत रहें। आपके माता-पिता ने आपकी शिक्षा के लिए जो त्याग, समर्पण किया है उनका सदा सम्मान करें। उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को कभी भी धूमिल न करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा में आप विनम्रता तथा सादगी का आभूषण धारण करें। दिखावे की ओर ध्यान न दें, सोशल मीडिया का ज्यादा न उलझें।

**विद्यालय से हमेशा जुड़े रहेंगे:** संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी का रिश्ता विद्यालय से कभी नहीं छूटने वाला है। अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी ने कहा आप महाविद्यालयीन शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं अब आपको बहुत बदला हुआ परिवेश मिलने वाला है। संस्था सह सचिव रामनानी और प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने विचार व्यक्त किए।

**गीतों और नृत्यों की प्रस्तुति:** कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों दक्ष केसवानी एवं प्रज्वल हेमनानी ने कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए उद्गार प्रस्तुत किए। सत्र 2024-25 के छात्र प्रमुख कृष्णा सीतलानी ने विद्यालय ध्वज कक्षा ग्यारहवीं के छात्र मोहित दे को सौंपा। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने गीतों व नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को टाइटल दिए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजू गोगिया, शशि नाथ एवं विद्यालय छात्र मोहित दे व शुभ प्रजापति द्वारा किया गया।

# रिटायर्ड आईएएस मनोज श्रीवास्तव को राज्य निर्वाचन आयोग का आयुक्त बनाया

## चार महीने के भीतर मोहन सरकार में श्रीवास्तव को दूसरी नियुक्ति
## पहले मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के सदस्य बनाए गए थे श्रीवास्तव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 1987 बैच के रिटायर्ड आइएएस मनोज श्रीवास्तव को राज्य निर्वाचन आयोग का नया आयुक्त बना दिया है। चार महीने के भीतर उनकी यह दूसरी नियुक्ति दी है। 9 सितंबर को उन्हें मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का सदस्य बनाया था। मंगलवार को उक्त पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया और हाथो-हाथ उन्हें आयुक्त बनाया गया। वह 2 साल 4 महीने ही उक्त पद पर रह सकते हैं।




आयोग में आयुक्त के कार्यकाल की उम्र सीमा 66 वर्ष तय है जबकि श्रीवास्तव 60 वर्ष की उम्र पूरी करने पर अप्रैल 2021 में एसीएस के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से अप्रैल 2021 में सेवानिवृत्त हुए थे। इसके पूर्व वह कलेक्टर, प्रमुख सचिव समेत विभिन्न पदों पर रहे। उन्हें राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। साहित्य में गहरी रूचि रखते हैं, 38 पुस्तकें लिख चुके हैं।

### पूर्व सीएस वीरा राणा थीं दावेदार

रिटायर्ड आईएएस मनोज श्रीवास्तव को आयुक्त नियुक्त किए जाने के बाद अब प्रशासनिक तबके में इस बात की चर्चा है कि उन्होंने पूर्व सीएस वीरा राणा को भी पीछे छोड़ दिया। राणा ने भी आयुक्त के लिए ऐड़ी–चोटी का जोर लगाया था लेकिन सरकार ने उन्हें मना कर दिया।

### 30 जून को खत्म हो गया था बीपी सिंह का कार्यकाल

पूर्व सीएस बसंत प्रताप सिंह 31 दिसंबर तक राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त रहे। उन्हें जनवरी 20219 में तत्कालीन कमल नाथ सरकार के समय आयुक्त बनाया था। वह शिवराज सिंह चौहान की तत्कालीन भाजपा सरकार में सीएस रहे थे। आयोग में 30 जून को ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था, जिसे मोहन सरकार ने 30 सितंबर तक बढ़ाया था। आयोग के नियमों के अनुसार नए आयुक्त् कि नियुक्ति होने तक मौजूदा आयुक्त् को पद पर बने रहना होता है। इसी क्रम में सिंह सेवाएं दे रहे थे।

### आईएफएस रविंद्रमणि त्रिपाठी कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर बनाए गए

**भोपाल।** आईएफएस रविंद्रमणि त्रिपाठी को कान्हा टाइगर रिजर्व का फील्ड डायरेक्टर बनाया है। चार अन्य अधिकारियों का भी तबादला किया है। अनुसंधान एवं विस्तार विंग के पीसीसीएफ पीके सिंह को कैंपा का सीईओ, वन विकास निगम के भोपाल के एपीसीसीएफ अजय कुमार यादव को सामान पद पर सतर्कता एवं शिकायत शाखा में भेजा है। जबकि डीएफओ शहडोल कार्य आयोजना से डॉ. शैलेंद्र कुमार गुप्ता को डीसीएफ कार्यालय वन बल प्रमुख और छिंदवाड़ा पूर्व सामान्य वन मंडल के बृजेंद्र श्रीवास्तव को डीएफओ कार्य आयोजना छतरपुर भेज दिया है।

### युवजन विंग की कार्यकारिणी घोषित, युवाओं को दी जगह

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी के युवजन विंग की कार्यकारिणी घोषित हुई है। इसमें 43 पदाधिकारी शामिल है। विंग के प्रदेश अध्यक्ष यदुवेंद्र यादव के मुताबिक विंग में सबसे अधिक आदिवासी युवाओं को जगह दी है। युवजन विंग के प्रदेश महासचिव गंगा सिंह बरकडे को बनाया है जो पीएचडीधारी है। जबकि जनपद सदस्य भूपेंद्र मशराम को उपाध्यक्ष बनाया है। कार्यकारिणी में 19 प्रदेश सचिव व 17 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्ति किए हैं जबकि अन्य सदस्य बनाए हैं।

### मुख्यमंत्री जनता से महीने में एक दिन कर सकते हैं संवाद

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव महीने में एक दिन जनता से सीधा संवाद कर सकते हैं। जनवरी से इसकी शुरुआत हो सकती है। आम जनता के लिए सीएम से संवाद की प्रक्रिया तय की जा रही है। विकल्प यह भी है कि समाधान ऑनलाइन में सीएम जिस तरह सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों पर शिकायत करने वाले चुनिंदा शिकायतकर्ताओं से वर्चुअली बात करते हैं, उन्हीं से प्रत्यक्ष संवाद कर सकते हैं। इसके अलावा भी अलग–अलग प्लेटफार्मों के माध्यम से संवाद के लिए लोगों को आमंत्रित किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

# अतिथियों को अब शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 30 दिवस काम जरूरी

## मप्र राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) 2018 में विभाग ने किया संशोधन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के अतिथि शिक्षकों को सीधी भर्ती में अब 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। भर्ती में शिक्षकों के रिक्त पदों के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए कुल उपलब्ध रिक्तियों की 50 फीसदी रिक्तियां ऐसे अतिथि शिक्षकों के लिए आरक्षित होंगी, जिन्होने न्यूनत तीन शैक्षणिक सत्रों और न्यूनतम 200 दिवस के लिए मप्र शासन द्वारा संचालित सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक के रूप में काम किया होगा। हालांकि अतिथि शिक्षकों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति रिक्त पदों को अन्य पात्र अभ्यर्थियों से भरा जाएगा। महिला अभ्यर्थियों के लिए रिक्त पदों के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे। जबकि 6 प्रतिशत पद दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। ये सेवा शर्तें आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी के लिए आरक्षित) पदों पर भी लागू होंगी। बशर्ते अभ्यर्थी उसी वर्ग का होना चाहिए। दिव्यांग आरक्षण का लाभ न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक की स्थायी विकलांगता और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विधिमान्य प्रमाण पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा।



### गजट नोटिफिकेशन जारी, होगी चयन परीक्षा

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने मप्र राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) 2018 में संशोधन कर दिया है। इसका गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि न्यूनतम 3 शैक्षणिक सत्र केवल तभी पूर्ण माने जाएंगे जब प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 30 दिवस अतिथि शिक्षक के रूप में काम किया हो। इसके अलावा तीनों सत्रों का कुल अध्यापन अनुभव न्यूनतम 200 दिवस होगा। वहीं अभी तक पात्रता परीक्षा कराई जाती थी, उसे ही चयन परीक्षा के रूप में मान्यता दी गई थी, पर अब ऐसा नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग पात्रता परीक्षा कभी भी करा सकेगा, उसके लिए पद खाली होने की जरूरत भी नहीं है। यह परीक्षा हमेशा के लिए मान्य होगी। हालांकि चयन के लिए चयन परीक्षा अलग से कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 72 हजार अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। इस निर्णय से अतिथियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# फार्म हाउस, विला और रिसोर्ट संचालकों को फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य

## विभाग ने जारी किए आदेश, लाइसेंस नहीं मिलता है, तो बनेगा केस

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

खाद्य सुरक्षा विभाग ने फार्म हाउस, विला और रिसोर्ट संचालकों को फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है। विभाग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वह इन जगहों पर जाकर जांच करें। अगर लाइसेंस नहीं मिलता है, तो केस बनाकर एडीएम कोर्ट में पेश किया जाए। दरअसल, राजधानी सहित आसपास के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित फार्म हाउस, विला, रिसोर्ट के गार्डन क्षेत्र और स्वीमिंग पूल के आसपास निजी केटरिंग से खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें विशेषकर विवाह, जन्मदिन, पार्टी, नववर्ष के दौरान फार्म हाउस, रिसोर्ट, होटल, ढाबों पर इस तरह के आयोजन बिना खाद्य लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के किए जाते हैं। यहां फूड निर्माण के लिए अलग से शेड बनाया जाता है, लेकिन साफ-सफाई और अन्य मानकों पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जिससे आम लोगों की सेहत पर खतरा बना रहता है। जिसको देखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं।






## मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के चार मामलों में लिया संज्ञान

# टीबी अस्पताल में नहीं एबीजी मशीन, निजी अस्पताल भेज रहे मरीज, जांच के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल जिले के ईदगाह हिल्स पर स्थित टीबी अस्पताल परिसर में प्रदेश का पहला रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिसीज मशीनों (उपकरणों) की कमी से जूझने का मामला सामने आया है। जांच के लिए संसाधनों की कमी के चलते मरीजों को बाहर निजी लैब में जाना पड़ रहा है। इस संबंध में अस्?पताल अधीक्षक का कहना है कि हमने संबंधित अधिकारियों को मशीनों/उपकरणों की डिमांड भेज रखी है, लेकिन आज तक एक भी उपकरण अस्पताल को नहीं मिल पाया है। मामले में आयोग ने अधीक्षक, जीएमसी एवं अधीक्षक, रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिसीज को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन भी तलब किया है।




### इन मामलों में भी मांगा जवाब

आयोग ने भोपाल जिले के बैरसिया के धतुरिया गांव में एक 82 वर्षीय वृद्ध महिला की सर्पदंश से मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लेकर कलेक्टर से मामले की जांच कराकर आर्थिक मुआवजा के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। इसके अलावा कोलार क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के इलाज के दौरान निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकने के मामले में आयोग ने सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त से जवाब तलब किया है।

### सालों से कॉलोनी में ही डंप कराया जा रहा कचरा

भोपाल शहर के गौरीशंकर आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों को कॉलोनी में कचरे के कारण परेशान होना पड़ रहा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि नगर निगम में कॉलोनी द्वारा लाखों रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया जाता है, इसके बावजूद भी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कराने के बजाए निगम का कचरा वाहन ही रहवासी समिति के हवाले कर दिया गया है। विगत दो साल से रहवासी समिति ही कचरा वाहन के माध्यम से कचरा कलेक्ट कर रही है एवं कॉलोनी के खाली पड़े प्लॉट पर कचरा डंप किया जा रहा है, इस कारण पूरे कॉलोनी में गंदगी और बदबू फैलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने आयुक्त, नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## संपादकीय

# नए साल की बड़ी राहत

आज से शुरू हुआ नया साल दुनियाभर में उम्मीदों का साल है। बीते साल दुनिया ने बहुत सारी अप्रिय परिस्थितियों का सामना किया है। कई बडी हस्तियों को खोया भी है। नये साल के शुरू होते ही अमेरिका में नए राष्ट्रपति की ताजपोशी का काउंट डाउन भी शुरू हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप इस पद पर बैठने वाले हैं। इसीलिये अमेरिका की आव्रजन नीति को लेकर ट्रंप के बदले रुख की चर्चा है। निश्चित तौर पर भारत से वहां गए लोगों के लिए यह राहत की बात है। हालांकि इस मसले पर ट्रंप के समर्थकों का एक समूह उनका विरोध कर रहा है। दरअसल, ट्रंप ने एच1बी वीजा को बरकरार रखने पर सहमति दे दी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया था। इस बार भी चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अमेरिका प्रथम की नीति पर आगे बढ़ने और आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने का मुद्दा उठाया था। मगर भावी ट्रंप प्रशासन में शामिल किए गए उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के तकनीकीविद विवेक रामास्वामी ने इस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध कर दिया। खबरों की मानें तो मस्क ने यह भी कह दिया कि वे एच1बी वीजा को बचाए रखने के लिए युद्ध तक करने को तैयार हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मस्क खुल कर ट्रंप के समर्थन में रहे। उनका कहना है कि एच1बी खत्म होने से कंपनियों के लिए बाहर से कुशल तकनीशियनों और विशेषज्ञों को लाना संभव नहीं हो पाएगा। रामास्वामी ने भी तर्क दिया कि इससे न केवल कंपनियों, बल्कि अमेरिका का भी बड़ा नुकसान होगा। एच1बी पर प्रतिबंध लगने से सबसे अधिक भारतीय नागरिकों के सामने संकट पैदा हो सकता था। दरअसल अमेरिका हर साल करीब पैंसठ हजार कुशल तकनीशियनों, चिकित्सकों आदि की भर्ती करता है, जिसमें से करीब पैंतालीस हजार भारतीय होते हैं। यानी हर दस में से सात विशेषज्ञ भारतीय होता है। हाल ही में आई एक रपट के मुताबिक अमेरिका में करीब सवा तीन लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। एच1बी वीजा उन्हीं लोगों को दिया जाता है, जिन्हें कंपनियां अपनी जरूरत के मुताबिक भर्ती करती हैं। इस वीजा की अवधि तीन साल की होती है और जरूरत पड़ने पर उसे और तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी वीजा के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था। इस दृष्टि से बेशक दबाव में ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया है, अमेरिका में बेहतर भविष्य की तलाश करने वाले हजारों भारतीयों के लिए यह बहुत राहत की बात है। ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़े थे, तब भी विदेशी नागरिकों, खासकर भारतीय मूल के लोगों पर निशाना साधते हुए अमेरिकी युवाओं को भरोसा दिलाया था कि वे बाहरी लोगों से छीन कर उनका हक वापस करेंगे। नतीजा यह हुआ कि अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों पर नस्लवादी हमले बढ़ गए। इससे इनकार नहीं कि किसी भी देश को गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ करने वालों को लेकर चिंतित होना चाहिए। मगर एच1बी वीजा गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता। अगर इस पर प्रतिबंध लगता, तो उसका खमियाजा वहां की कंपनियों को भुगतना पड़ता क्योंकि अमेरिका में इतने सारे कुशल तकनीशियन और दूसरे पेशवेर नहीं हैं कि वहां की कंपनियां उनके भरोसे अपना कारोबार चला सकें। इस लिहाज से ट्रंप प्रशासन का नया रुख भारत के लोगों व भारत की सरकार के लिये बहुत राहतकारी है।

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का अवसर

■ ललित गर्ग

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है- 'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, 'मैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना।' नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह




का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निर्माता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी ! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नही, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरुआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरुआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है।

जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरुआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# प्रदूषित पेयजल:आर्सेनिक की अधिकता से जीवन पर संकट

■ ज्ञानेन्द्र रावत

**आर्सेनिक से दूध भी अछूता नहीं है। चूंकि आर्सेनिक युक्त भूजल का उपयोग सिंचाई कार्यों में भी होता है, इसलिए अकार्बनिक तत्व पौधों के शरीर में पहुंचकर जड़ों, तनों और पत्तियों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। जिसके स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव होते हैं।**



देश के भूजल में आर्सेनिक की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। आज देश के 25 राज्यों के लगभग 230 जिले भूजल में बढ़ती आर्सेनिक समस्या से पीड़ित हैं। दुनिया भर में देखें तो लगभग 50 करोड़ लोग भूजल में आर्सेनिक की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे पिगमेंटेशन, हाइपरकेराटोसिस, अल्सरेशन, त्वचा कैंसर, किडनी कैंसर, फेफड़ों का कैंसर के अलावा अब हृदय, लीवर, त्वचा के रंग में परिवर्तन, हथेलियों और तलवों पर सख्त धब्बे, पैरों की रक्तवाहिकाओं और मूत्राशय संबंधी बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने आर्सेनिक युक्त दूषित पानी पीने से मधुमेह, उच्च रक्तचाप और प्रजनन संबंधी बीमारियों की आशंका भी जताई है।

देश में कोलकाता का नाम आर्सेनिक से प्रदूषित शहरों में शीर्ष पर है। इस समय, देश के 27 राज्यों के 469 जिले फ्लोराइड से संदूषित हैं। भारत में भूजल में आर्सेनिक की मात्रा स्वीकार्य सीमा से काफी अधिक है, जिससे पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, असम, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारत में आर्सेनिक से प्रभावित लोगों की संख्या 5 करोड़ से अधिक है। आज असलियत में गंगा-मेघना-ब्रह्मपुत्र के मैदान का उत्तराखंड से लेकर पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश सहित देश के पूर्वोत्तर के राज्य का भूजल आर्सेनिक से दूषित है। बांग्लादेश, भूजल में सर्वाधिक आर्सेनिक प्रदूषित देशों की सूची में शीर्ष पर है।

दरअसल, भूजल में आर्सेनिक की मौजूदगी मुख्यतः 100 मीटर गहराई तक के जल में बनी रहती है। इससे गहरा जल आर्सेनिक से मुक्त रहता है लेकिन सबसे ज्यादा भूजल का उपयोग 100 मीटर तक के जल का होता है, इसलिए इसमें ही आर्सेनिक का प्रभाव सबसे ज्यादा रहता है। आर्सेनिक से दूध भी अछूता नहीं है। चूंकि आर्सेनिक युक्त भूजल का उपयोग सिंचाई कार्यों में भी होता है, इसलिए अकार्बनिक तत्व पौधों के शरीर में पहुंचकर जड़ों, तनों और पत्तियों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। और अंत में अनाज और सब्जियों में जाकर जमा हो जाते हैं। दरअसल, पानी में घुलनशील अकार्बनिक आर्सेनिक बहुत ही ज़हरीला होता है। इसके सेवन से जठरांत्र रोग सम्बन्धी लक्षण से मृत्यु तक हो जाती है। गौरतलब है कि चट्टानों और खनिजों के अपक्षय के दौरान आर्सेनिक मिट्टी और भूजल में प्रवेश करता है। यह मानवजनित स्रोतों से मिट्टी और भूजल में प्रवेश करता है। यह पर्यावरण के लिए भी खतरा है। क्योंकि आर्सेनिक उच्च तापमान प्रक्रियाओं जैसे कि कोयला आधारित बिजली संयंत्रों, वनस्पतियों को जलाने और ज्वालामुखी विस्फोट द्वारा वायुमंडल में उत्सर्जित होता है। पानी में विशेष रूप से भूजल में, जहां सल्फाइड खनिज जमा होते हैं और ज्वालामुखीय चट्टानों से निकलने वाली तलछट जमा होती है, आर्सेनिक की सांद्रता काफी बढ़ जाती है।

दुनियाभर के जलस्तर में आर्सेनिक की बढ़ती मात्रा के चलते कैंसर के रोगियों की तादाद में बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया में 2011 और 2019 के दौरान हर साल औसतन आर्सेनिक से हो रहे कैंसर के मामलों में 11.2 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हो रही है। वहीं आर्सेनिक युक्त पानी पीने से किडनी के कैंसर के रोगियों की तादाद में 6 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हो रही है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक इसे सातवां सबसे आम कैंसर माना गया है। अमेरिका के टेक्सास स्थित ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ के वैज्ञानिकों के अनुसार आर्सेनिक युक्त पानी से किडनी के कैंसर का खतरा दो गुना हो जाता है। शोध में खुलासा हुआ है कि जिन क्षेत्रों में बसी आबादी जलाशयों, कुएं या फिर नदियों पर निर्भर हैं, वहां कैंसर का जोखिम 22 फीसदी अधिक पाया गया है। इससे किडनी या फेफड़े के कैंसर की संभावना बलवती हो जाती है। समूची दुनिया में 40 मिलियन से अधिक लोग पीने के पानी के लिए टैंकर या हैंडपंप के पानी पर निर्भर हैं। इससे आर्सेनिक के संपर्क में आने की प्रबल संभावना रहती है।

वास्तव में, आर्सेनिक प्राकृतिक रासायनिक तत्व है। इसे ज़हरीली धातु माना जाता है। पानी से आर्सेनिक हटाने की दिशा में इस्तेमाल किए जाने वाले तरीकों में सोखना, आसवन और आयन एक्सचेंज में रिवर्स आस्मोसिस यानी आरओ जल निष्पादन प्रणाली सबसे बेहतर है। इससे आर्सेनिक जैसे घुले प्रदूषक हटा दिये जाते हैं। हानिकारक आर्सेनिक से पानी को मुक्त करके पानी को पीने योग्य बनाया जा सकता है। यह प्रणाली पानी को अर्धपारगम्य झिल्ली के माध्यम से साफ करने हेतु दबाव का काम करती है। आर्सेनिक से दूषित भूजल का जैविक उपचार आर्सेनिक को बायोमास में अवशोषित करके या बायोजेनिक हाइड्रोक्साइड या सल्फ़ाइड के साथ सह अवक्षेपण करके किया जा सकता है। वैसे सरकार द्वारा भूजल में आर्सेनिक की अधिकता से उत्पन्न खतरे से निपटने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं और जल उपचार संयंत्रों के विकास का वादा भी कर रही है। लेकिन इसकी समुचित निगरानी की व्यवस्था न हो पाने के कारण यह योजना कामयाबी से कोसों दूर है।

**(साभाार : लेखक पर्यावरण मामलों के जानकार हैं।)**

पिशाच हुए बिना ऐश्वर्य इकट्ठा नहीं होता ।

- चाणक्य

## आज का इतिहास

- 2020 - भारत में नए साल के दिन (1 जनवरी, 2020) को कुल 67,385 बच्चों ने जन्म लिया, जो कि विश्व के किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के मुताबिक़, नए साल में विश्वभर में लगभग 3,92,078 बच्चों ने जन्म लिया। रेलवे सुरक्षा बल का नाम बदलकर भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा कर दिया गया। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने परमाणु और अन्तरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर लगी रोक हटाई, कहा, 'दुनिया अब एक नया हथियार देखेगी'।
- 2017- एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का पद संभाला।
- 2009 - केन्द्र सरकार ने सैन्य कर्मियों के लिए वेतन आयोग के गठन के साथ ही 12000 लेफ्टिनेंट कर्नल और नौसेना व वायुसेना में उनके समकक्षों को ऊँचे वेतनमान देने का फ़ैसला किया।
- 2008 - भारत ने सार्क में बांग्लादेश सहित एल डी देशों के निर्यात पर 1 जनवरी, 2008 से शुल्क मुक्त पहुंच (भारत की संवेदनशील सूची में शामिल कुछ वस्तुओं को छोड़कर) प्रदान करना प्रारंभ किया। यूपी में मूल्य वर्द्धित कर वैट लागू किया गया। भूटान के इतिहास में पहली बार चुनाव में जीते नेशनल काउंसिल के 15 प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा की गयी।
- 2007- विजय नांबियार संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बान की मून के चीफ़ ऑफ़ स्टॉफ़ नियुक्त।
- 2006- दक्षेस देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता 'साफ़्टा' लागू।

## निशाना

### हम भी करें प्रहार !



-कृष्णेन्द्र राय

दो हमको अधिकार ।
लड़नी और लड़ाई ।।
करते आए, करना है ।
आप की भलाई ।।
दे दो इतनी सीटें ।
हम भी करें प्रहार ।।
और प्यार बरसा कर ।
पहनाओ फिर हार ।।
डाल रहे वो बाधा ।
करते जो भी काम ।।
वादा है निभाया ।
किए जो तमाम ।।
ना रूकना है हमको ।
यूं ही चलते जाना ।।
भले पूर्व में हमने ।
है भरा हर्जाना ।।

### स्वच्छ मंदिर अच्छा मंदिर

# बैठक में मंदिर को साफ सुंदर बनाने पर दिया जोर



**गंजबासौदा , दोपहर मेट्रो**

दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर जय स्तंभ चौक पर मंदिर अर्चक पुरोहितों की बैठक हर महीने के अनुसार की गई जिसकी अध्यक्षता श्री कृष्ण कुमार दुबे द्वारा की गई बैठक में स्वच्छ मंदिर सुंदर मंदिर बनाने के लिए जोर दिया गया।

मंदिर पुजारी की आत्मा होती है एवं प्राण भगवान होते हैं भगवान का और पुजारी का विशेष आत्मा का संबंध होता है ऐसे मंदिरों में साफ स्वच्छ मंदिर रखना चाहिए यह बात पंडित मुन्नालाल शास्त्री द्वारा कही गई। की छोटे मंदिरों को बड़े मंदिरों द्वारा सहयोग करने के लिए गोद लेने का भी प्रयास किया जाएगा जिससे छोटे मंदिरों की स्थिति सुधरेगी वर्तमान समय में मंदिरों की बड़ी दुर्दशा हो रही है क्योंकि कई मंदिरों पर अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर है जबकि भारत वर्ष में बड़े मंदिरों से

**■ पुरोहितों की हर महीने होती है बैठक**

शासन प्रशासन को बहुत आय होती है किंतु शासन मंदिरों को कोई सहयोग नहीं करता है इसलिए मंदिरों की दयनीय स्थिति होती जा रही है बैठक में सभी पुजारी ने एक स्वर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। ग्रामीण एवं शहरी मंदिरों में प्रतियोगिता की जाएगी उसके बिंदु रहेंगे साफ मंदिर स्वच्छ मंदिर जिसमें में एक गौ माता मंदिर में तुलसी का वृक्ष मंदिर में श्यामपट्ट हो इस पर त्योहारों की जानकारी दी जाए। प्रतियोगिता की जावेगी मंदिर अर्चक पुरोहितों की बैठक हर महीने की जाती है अगली बैठक फरवरी में की जावेगी। बैठक में कार्यक्रम में महंत श्री गंगादास त्यागी, पुरुषोत्तम भार्गव, देवेंद्र प्रसाद दुबे सहित मंदिर के पुजारी मौजूद रहे।

### पिकनिक व परिवार संग नए साल का वेलकम

# नववर्ष के स्वागत में देररात तक जश्न में डूबा रहा शहर

**तेन्दूखेड़ा/दमोह, दोपहर मेट्रो**

नववर्ष 2025 का आगाज हो गया है मंगलवार की रात घड़ी में जैसे ही 12 बजे तो पूरा जिला हैप्पी न्यू ईयर के शोरगुल से गूंज उठा आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा।

डीजे पर बज रहे गीतों पर नृत्य करते हुए युवा जमकर थिरके किसी ने केट काटा तो किसी ने मिठाई बांटकर नव वर्ष का स्वागत किया। होटल, रेस्टोरेंटों व निजी आवासों पर नव वर्ष की पार्टियां देर रात तक चलती रही वहीं उत्साहित युवा सड़क पर भी निकले और जश्न मनाया। गौर करने वाली बात ये रही की विंटर की इस कड़ाके की ठंड का असर नववर्ष के स्वागत के सामने फीका नजर आया मंगलवार शाम से ही नव वर्ष के जश्न की शुरूआत हो चुकी थी। रात 9 बजे के बाद से जश्न तेज होता गया। फिर रात 12 बजे तो लोग खुशी से चहक उठे और एक-दूसरे को न्यू ईयर 2025 की बधाईयां दी सभी ने वर्ष 2024को खट्टी-मीठी यादों के साथ अलविदा किया। उधर नववर्ष के स्वागत के लिए मंगलवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रही युवाओं ने ग्रुप में न्यू ईयर की प्लानिंग की रणनीति को पूर्ण किया दमोह सिटी से लेकर कस्बों में संचालित रेस्टोरेंट, होटल में तैयारियां की गई थी इसमें युवाओं के अलावा फैमिली के लिए अलग से व्यवस्थाएं की गई थी।



### अपनों को दिए प्यार भरे गिफ्ट

पर्व हो या फिर अन्य खुशियों का दिन अपनों के प्रति प्यार अपनापन जताने के लिए गिफ्ट्स देने का क्रेज बढ़ रहा है इसी को लेकर न्यू ईयर की शुभकामनाओं के साथ यूथ ने अपनों को गिफ्ट्स दिए और नववर्ष को सेलिब्रेट किया। गिफ्ट्स में अपनों की पसंद का भी ध्यान रखा गया है

### क्या कहते है युवा



भरत रजक कहते हैं कि न्यू ईयर का स्वागत हर साल अपने फ्रेंडस के साथ करते आ रहे हैं। इस बार फैमिली के साथ सिंगौरगढ़ किला जाने का प्लान बनाया है। वैसे तो हर साल बाहर जाकर न्यू ईयर को सेलिब्रेट करते थे, लेकिन इस बार जिले में ही न्यू ईयर सेलिब्रेट करने का प्लान तैयार किया गया है

-भरत रजक



वीरु यादव कहते हैं कि युवाओं की प्लानिंग दोस्तों के साथ आउटिंग करने की होती है। इस बार भी न्यू ईयर को अपने फ्रेंड्स के साथ सेलिब्रेट करेंगे इसमें जिले के कुछ पिकनिक स्पॉट लिस्ट में शामिल है

-वीरु यादव



जानकी साहू कहती हैं कि वर्ष का पहला दिन है शिवजी की आराधना करते हुए गुजारना चाहती हूं, ताकि वे सभी परेशानियों से हमें मुक्त रखते हुए हमें सालभर अपना आशीर्वाद बनाए रखें

-जानकी साहू

### प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों पर फर्स्ट डे सेलिब्रेशन

आज न्यू ईयर 2025 के फस्ट डे का सेलिब्रेशन प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर किया जा रहा है। धार्मिक स्थल देवश्री जागेश्वरनाथ की नगरी बांदकपुर धाम, जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर कोंडल का शिव मंदिर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सिग्रामपुर में रानी दुर्गावती का किला दमोह की बड़ी देवी मंदिर पथरिया की मनसादेवी माता मंदिर, नोहटा का नोहलेश्वर मंदिर सहित हटा, बटियागढ़, पटेरा, जबेरा तेंदूखेड़ा के प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल लोगों की मौजूदगी से गुलजार है। उधर कुछ अपनी फैमिली के साथ जिले से बाहर भी पर्व का सेलिब्रेट करने के लिए पहुंचे है

# अपडाउनर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

अपडाउनर संघ ने एक ज्ञापन रेल प्रबंधक भोपाल मंडल के नाम दिया गया है जिसमें कहा गया है कि। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन के दृष्टिगत रेलवे विभाग ने कुछ यात्री ट्रेनों को निरस्त कर प्रयागराज भेजने का निर्णय लिया है, जिसके कारण बीना-भोपाल रेलखंड पर चलने वाली मेमू ट्रेन आगामी दो माह तक के लिए निरस्त किया गया है। अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि भोपाल मंडल की ट्रेनों के अस्थायी निरस्तीकरण से न केवल भोपाल बल्कि आसपास के जिलों. संभागों, तथा अन्य क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों, विद्यार्थियों, दैनिक यात्रियों, व्यापारियों, चिकित्सकीय सेवाओं से जुड़े लोगों, और प्रशासनिक



कार्यों से संबंधित कर्मचारियों को गंभीर असुविधा होगी। विभिन्न त्योहारों, शादियों, परीक्षाओं आदि के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है, और इस दौरान बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले भक्तों को रेलवे द्वारा दी जाने वाली यात्री सेवाओं में यह निरस्तीकरण और भी समस्याएँ उत्पन्न करेगा। इस समय यात्रियों को महंगे एवं जोखिमपूर्ण निजी परिवहन जैसे बसों का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे यात्रा की लागत बढ़ेगी और यात्री सुविधाओं में कमी आएगी।

इसलिए बीना-भोपाल मार्ग पर चलने वाली मेमू ट्रेनों के निरस्तीकरण से प्रभावित होने वाले यात्रियों को होने वाली कठिनाई को ध्यान में रखते हुए, इस ट्रेन सेवा को वैकल्पिक रूप से पुराने आईसीएफ कोचों से कम से कम 12 कोच के साथ चलाने की व्यवस्था की जाए। महाकुंभ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आयोजन है, लेकिन इसके कारण बीना-भोपाल मार्ग के यात्रियों की रेल सुविधा को निरस्त करना उचित नहीं है। दो माह के लिए अस्थायी रूप से निरस्त की गई ट्रेन पुनः चालू किया जाए, अथवा इसके स्थान पर नई ट्रेन चालू की जाए।

# पत्रकारों के पक्ष में अब संगठन भी उतरे एफआईआर के खिलाफ यदुवंश सेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पत्रकारों के पक्ष में अब जिले के पत्रकार, सामाजिक संगठन भी उनके समर्थन में उतर आया है। अब धीरे-धीरे यह मामला तूल पकड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

राष्ट्रीय यदुवंशम् सेना के तत्वाधान में एक ज्ञापन सिवनी मालवा एसडीएम को भी सोपा गया को जिसमे कहा कि सिवनी मालवा के एक पत्रकार ने विगत दिनों मीडिया अखबारों के माध्यम से प्रशासनिक मामलों में धांधली के कृत्यों को उजागर करने का कार्य किया था परंतु सी.एम.ओ द्वारा प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने का हवाला देकर पत्रकार के खिलाफ झूठी



एफआईआर करते हुऐ मामले को दबाने का कृत्य किया है।राष्ट्रीय यदुवंशम् सेना प्रशासन से पूछा कि क्या भ्रष्टाचार को उजागर करना अपराध की श्रेणी में आता है? संगठन की मांग है कि मामले को गंभीरता से लेकर उच्च स्तरीय जांच करने के निर्देश जारी करें, साथ ही पत्रकार के खिलाफ झूठी एफ आई. आर को खारिज करने की जाए।

# कलेक्टर के फर्जी सील साइन के मामले में खरीदार पर हुई कार्रवाई के मामले में उतरा व्यापारी संघ

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

तहसील कार्यालय में सोमवार दोपहर वैश्य महासम्मेलन कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। जीसमें उन्होंने बताया कि कलेक्टर के फर्जी सील साइन से जो आदिवासी की जमीन की रजिस्ट्री हुई है। उस मामले में क्रेता पक्ष को भी आरोपी बनाया गया है। जबकि क्रेता पक्ष को अनुमति फर्जी होने की जानकारी ही नहीं थी। साथ ही सब रजिस्ट्रार ने भी अनुमति की जांच नहीं की। यदि पूर्व में ही जांच हो जाती तो हम रजिस्ट्री ही नहीं कराते। ज्ञापन में वैश्य महासम्मेलन कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्रेता पक्ष व्यापारी शिखर पिता किशोर खंडेलवाल और आनंद पिता राधेश्याम खंडेलवाल, की पुत्रवधु के विरुद्ध धारा 467,



468,420 भारतीय दंड विधान का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

ये व्यापारीगण और उनका परिवार नगर का गणमान्य परिवार है, जो कोई भी गलत कार्य नहीं कर सकते है। पीड़ित पक्षकार हैं जोकि धोखाधड़ी की शिकार हुई है। पूरा परिवार इस षडयंत्र के तहत धोखाधड़ी का शिकार होकर उनके द्वारा विक्रेता गण के खाते में 25 लाख 74 हजार 720 रुपए और 25 लाख 68 हजार 930 रुपए आरटीजीएस की ओर से दिए गए थे।

अनुमति जब उप पंजीयक कार्यालय में सब रजिस्टार के समक्ष प्रस्तुत हुई तब सब रजिस्ट्रार यदि सही जांच कर लेते तो वस्तु स्थिति सामने आ जाती। जब सब रजिस्ट्रार ही फर्जी दस्तावेज को नहीं पहचान पाए तो हम व्यापारीगण कैसे पहचान सकते हैं।धोखे के कारण ही विक्रेता को क्रेतागणों के खाते से राशि अंतरित कर दी गई है। धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर किया गिरफ्तार, 8 किलो गांजा किया जप्त

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शहर थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा नशे पर कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को पकड़ा है जिनके पास से 8 किलो गांजा जब्त किया है। शहर थाना में सोमवार को एक प्रेस वार्ता की गई। टी आई योगेंद्र सिंह परमार ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि ।

मुखबिर सूचना पर हरदूखेड़ी फाटक पहुंचे जहां कुछ स्टाफ को रेल्वे पटरी के पास कलारी की तरफ एवं कुछ स्टाफ को हरदूखेड़ी अंडरब्रिज के पास छिप कर नाका बंदी किया गया तभी रेल्वे स्टेशन गंज बासौदा तरफ से रेल्वे पटरी होते हुए बंद पड़े हरदूखेड़ी फाटक रोड से आते हुए दो व्यक्ति बताये हुलीया के कपड़े पहने हाथ में थैला लिये अंडरब्रिज तरफ आते दिखे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा एवं दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछा तो अपना नाम रंजीत दिग़ल निवासी ग्राम गुदाड़ी थाना खजुरीवाडा जिला



फूलवाडी उड़ीसा एवं सोनू पंथी ईदगाह रोड थाना देहात बासौदा का बताया। आरोपियों के कब्जे से करीबन 08 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 1,80,000 रुपये का जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान राधेश्याम यादव, जय कुमार सिंह,विनिता छिब्बर, भूपेन्द्र चौबे, राकेश रावत, सतेन्द्र तोमर, सरमन साहू, आजाद सिंह, नीरज हजारी अहम भूमिका रही।

**मेट्रो एंकर** | संकुल स्तरीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कार्यशाला समाप्त

# सामाजिक विज्ञान हिंदी एवं विज्ञान विषय को सरल तरीके से समझाया गया

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार कक्षा दसवीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में वृद्धि एवं सुधार हेतु शिक्षकों द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं इसी प्रकार संकुल केंद्र हिरनखेड़ा में संकुल के अंतर्गत आने वाले स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमल वाडा एवं शासकीय हाई स्कूल मकोडिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरन खेड़ा में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की कार्यशाला आयोजित की गई इसमें तीनों विद्यालय से 50 विद्यार्थी शामिल हुए कार्यशाला में दिनांक 30 दिसंबर 2024 को सामाजिक विज्ञान हिंदी एवं विज्ञान विषय की कठिनाइयों पर छात्र-छात्राओं से जानकारी ली गई कठिन अवधारणाओ को विशेष शिक्षक ने सरल तरीके से समझाया प्रत्येक विषय के तीन-तीन शिक्षकों को दो-दो घंटे का समय दिया गया तीनों शिक्षकों ने विषय वार प्रत्येक शिक्षक ने 40 मिनट तक अध्यापन कार्य



कराया कार्यशाला मे सामाजिक विज्ञान हिंदी तथा विज्ञान विषय में तिमाही एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ लाने वाले तीनों स्कूलों के विद्यार्थियों का सम्मान एवं प्रोत्साहित किया गया इसमें विशेष शिक्षकों को इकाई बार पाठ्यक्रम को विभाजित किया गया तीन विषय की कार्यशाला जिसमें गणित अंग्रेजी एवं संस्कृत विषय की पहले ही आयोजित की जा चुकी है सामाजिक विज्ञान के शिक्षक मधु हुरमाडे द्वारा बड़े ही सरल तरीके से नक्शा भरना सिखाया गया। कार्यशाला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा से मधु हुरमाडे, अखिलेश यादव, राजेश कुमार देवडिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा से संध्या वर्मा, रमाकांत पटेल, विकास दीक्षित, सोनाली लछोरिया शासकीय हाई स्कूल मकोडिया से हरि परेवा, प्रतिभा नामदेव उपस्थित थी कार्यशाला की मॉनिटरिंग संकुल प्राचार्य राकेश साहू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के प्राचार्य राममोहन रघुवंशी ने की।

## रेस्टोरेंट-होटल का निरीक्षण किया साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश





**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों होटल रेस्टोरेंट की सघन जांच पड़ताल कर सैंपलिंग की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। दिए गए निर्देशों पर आज नव वर्ष को ध्यानगत रखते हुए विदिशा नगर में संचालित रेस्टोरेंट और होटलों का निरीक्षण किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलीन ई पन्ना ने उदयगिरी रोड स्थित रिवेरा रेस्टोरेंट, विलेज डेक का औचक निरीक्षण किया तथा दुर्गा नगर चौराहा स्टेशन रोड स्थित स्काई हाई रेस्टोरेंट, राधिका रेस्टोरेंट का भी औचक निरीक्षण किया गया है। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी ग्राहकों को वासी खाना ना परोसे तथा सभी खाद्य सामग्री को अच्छी तरह से धो कर साफ-सफाई से निर्माण करें।

विशेष कर होटल और रेस्टोरेंट में साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए खाद्य सामग्री तैयार किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

### रबी सीजन में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभाहित होने की आशंका को टाला

## चालू पावर ट्रांसफार्मर से कॉपर स्ट्रिप चोरी के प्रयास को आउटसोर्स कर्मियों ने किया नाकाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा एम.पी. ट्रांसको 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद के चालू पावर ट्रांसफामर्स से तांबे की अर्थिंग पट्टी (कॉपर स्ट्रिप) को निकालने के प्रयास को सबस्टेशन के आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर, निरंजन विश्वकर्मा एवं सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल ने अपनी हिम्मत, सूझबूझ और कर्तव्य निष्ठा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुये असफल कर दिया। जिससे रबी के इस सीजन में शमशाबाद, बैरसिया, सिरोंद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लंबे समय तक प्रभावित होने की आंशका को टाला जा सका।

विगत दिवस 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद में क्रियाशील दो पावर ट्रांसफार्मरों में से सशस्त्र चोरों द्वारा बहूमूल्य एवं सबस्टेशन की सबसे संवेदनशील तांबे की पट्टियां चोरी किये जाने का प्रयास किया जा रहा था। चोर यार्ड फेसिंग काटकर ट्रांसफार्मर तक पहुँच गये थे, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल को गश्त के दौरान जैसे ही इसकी भनक लगी आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर एवं निरंजन विश्वकर्मा के साथ मिलकर तीनो ने चोरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गये। समय पर सचेत और सजग रहने के कारण चोरी का यह बड़ा प्रयास टाला जा सका।



### यह भूमिका है कॉपर स्ट्रिप की

लगभग 4-5 करोड़ रूपये कीमत के पावर ट्रांसफार्मर में तांबे के पट्टी (कॉपर स्ट्रिप) की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, यह सबस्टेशन में किसी फाल्ट के कारण उत्पन्न होने वाले हजारों एम्पीयर के करंट को यह संवेदनशील कॉपर स्ट्रिप अपने में से प्रवाहित कर अर्थ कर देती है। इसके कारण उपकरण और सबस्टेशन में कार्यरत कर्मी सुरक्षित रहते है। यदि चालू ट्रांसफार्मर से कॉपर स्ट्रिप अलग करने का प्रयास किया जाता है तो वह न केवल निकालने वाले के लिये घातक रहती है बल्कि इससे ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने के पूरी आशंका पैदा हो जाती है। यदि चोर अपने मकसद में सफल हो जाते तो जहां मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को 4-5 करोड़ रूपये का आर्थिक क्षति पहुंचती वहीं क्षेत्र में ऐन वक्त रबी के सीजन में किसानों और विद्युत उपभोक्ताओं को हफ्तों बिजली आपूर्ति प्रभावित हो जाती, क्योंकि हर ट्रांसफार्मर विशेष आर्डर के हिसाब से ही बनाये जाते हैं, जिनके आने, नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत करने में कम से कम 3 से 4 माह का समय भी लग सकता है।

### कर्मियों को किया गया पुरूस्कृत

सबस्टेशन के इन आउटसोर्स कर्मियों द्वारा दिखाये गयी सूझबूझ और बहादूरी के लिये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी के निर्देश पर अधीक्षण अभियंताएम.पी. पटेल एवं कार्यपालन अभियंता संजय श्रीवास्तव द्वारा 132 के.व्ही. सबस्टेशन बैरसिया एवं रूनाहा तथा 220 के.व्ही. सबस्टेशन विदिशा के समस्त कर्मचारियों की उपस्थितियों में उन्हें सम्मानित कर पुरूस्कृत किया गया।

## जनसुनवाई में आए 155 आवेदन, मौके पर ही तत्काल 80 आवेदनों का किया निराकरण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा हरेक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से अनेक आवेदको के आवेदनो का निराकरण मौके पर किया जा रहा है। 31 दिसम्बर मंगलवार को 155 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे जिसमें से मौके पर 80 आवेदनो का निराकरण किया गया है। कलेक्टेव्ट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री सिंह ने शेष लंबित आवेदनो पर समयावधि में कार्यवाही कर निराकरण की अद्यतन जानकारी जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के भू-तल स्थित जनसुनवाई कक्ष में





आवेदकों के लिए विभिन्न स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिसमें उनके स्वास्थ्य परीक्षण, रोगोपचार दवाईयां भी प्रदाय कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जा रही है। इसके अलावा आवेदकों को पावती देने, आवेदन किस विभाग से संबंधित है उस विभाग के जिलाधिकारी तक आवेदकों को पहुंचाने के लिए पृथक से कर्मचारियों की तैनाती की गई है साथ ही साथ जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वालो की सुविधा हेतु आधार सेन्टर का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। आधार सेन्टर पर आधार अपडेट, नवीन आधार कार्ड समेत आधार से संबंधित अन्य कार्यो का संपादन भी किया जा रहा है।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, श्रीमती निकिता तिवारी, सुश्री निकिता तिवारी, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे और वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया गया है।

## अंबेडकर प्रतिमा की रोटरी पर लेंप लगाने पार्षद ने अध्यक्ष को दिया आवेदन



**सिरोंज।** नगर में तीन चार ही प्रतिमाएँ स्थापित है वो भी नगर पालिका की अनदेखी की भेंट चढ़ रही है ना तो इन महापुरुषों कि प्रतिमाओं के आसपास प्रति दिन साफ सफाई होती ना ही मरम्मत कार्य होते हैं। मंगलवार को वार्ड नंबर 5 के भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने वार्ड नंबर 5 में स्थित संविधान निर्माता ड्रां भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा की नगरपालिका द्वारा अनदेखी से नाराज होकर मंगलवार को नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मनमोहन साहू को आवेदन सोपा जिसमें कहा गया है कि नगर में स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं की रोटरी पर नगरपालिका द्वारा रंगीन लाईट एवं लेंप लगाए गए हैं, लेकिन वार्ड न 05 स्थित पुराना बस स्टेण्ड सिरोंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर नगरपालिका सिरोंज द्वारा किस कारणवश रंगीन लाईट नहीं लगाई गई। एवं माल्यार्पण हेतु स्थाई सीडी बनवाई जाए।

## कड़ाके की ठंड कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें, दोपहर तक लाइट जला कर चलाने पड़े वाहन



**सिरोंज।** पिछले दो दिनों से कप-कप देने वाली सर्दी का सितम शुरू हो गया है ।इस वजह से घरों से निकलने में हालत खराब हो रही है। सुबह की शुरुआत घने कोहरे होती है इसका असर दोपहर 12 बजे तक देखने को मिलता है। सुबह के समय तो आसपास का भी नजर नहीं आता है। वाहन चालकों को लाइट जलाकर वाहनों को चलना पड़ता आने वाले दिनों में और सर्दी बढ़ाने की संभावना मौसम विभाग ने जाहिर की है। ठंड से बचाने के लिए आवश्यकता होने पर घर से निकलने की सलाह दी गई है।

## नपा ने श्मशान घाट को अतिक्रमण मुक्त कराया मुक्त

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए बासौदा नाका वाले शमशान घाट के आसपास जितने भी लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण करके गुठलियां आदि करके अतिक्रमण किया हुआ था इन सब पर एक तरफ से करवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाने का काम किया। शाम के समय नगर पालिका की जेसीबी ट्रैक्टर-ट्रॉली और अमले पहुंचा इन्होंने सबसे पहले जितने भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था उनको स्वयं सामान हटाने के लिए



सूचित किया इसमें से कई लोग अपना सामान खुद लेकर जाते हुए नजर आए जो लेकर नहीं गया उसको अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर सामान को नगर पालिका की ट्राली में रखने का काम किया काफी देर तक कार्रवाई को अजाम दिया।

### विधायक के निर्देश पर हुई करवाई

पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा ने शमशानघाट का जायजा लिया था उस समय यहां के लोगों ने श्मशान घाट के आसपास अतिक्रमण से लेकर लाइट व अन्य सुविधाएं नहीं होने की शिकायत करते हुए करवाई तथा निर्माण करवाने की मांग की थी। इसके विधायक ने एसडीएम सीएमओ को अतिक्रमण हटाकर यहां पर सभी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए दिए थे। उसके बाद ही नगर पालिका परिषद के द्वारा यहां पर कार्रवाई करते हुए पहले अतिक्रमण हटाया इसके बाद यहां पर दूसरे निर्माण कार्य कराया जिसमें एक चबूतरा से लेकर लाइट बैठने की व्यवस्था भी यहां पर की जाएगी यहां पर साफ सफाई भी होगी।

## आज से मंडी में ई-नीलामी की प्रक्रिया होगी प्रारंभ

**सिरोंज।** सरकार के द्वारा कृषि उपज मंडियो को हाइब्रिड मंडल के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसके चलते आज से प्रदेश की 42 मंडियां ई नीलामी से खरीददारी और बिक्री का काम प्रारंभ होगा। उसमें नगर की मंडी शामिल हैं। सरकार के द्वारा इस प्रक्रिया के माध्यम से कहीं भी अपनी फसल को बेचने का काम कर सकेंगे। व्यापारी भी इस प्रक्रिया के माध्यम से कहीं से भी किसानों की फसल खरीदने का काम कर सकेंगे। आज से ई डाक नीलामी की प्रक्रिया एसडीएम हर्षल चौधरी की मौजूदगी में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी ।

**मेट्रो एंकर** भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन में अमित शाह और जीतू पटवारी के पुतले दहन को लेकर हुआ संघर्ष

## एक पुतला जलाया दूसरे को पुलिस छीन ले गई, भीड़ को तितर-बितर करने वाटर केनन का उपयोग

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का न्यू बस्टेण्ड पर पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस में पुतलों को लेकर काफी देर तक संघर्ष हुआ जहां भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एक पुतले को जला दिया दूसरे पुतले को पुलिस इनसे खींच कर ले गई। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई तो इसको छीने के लिए पुलिसकर्मी टूट पड़े कार्यकर्ताओं से पुतले को अपने कब्जे। में लेने के लिए पुलिस कर्मी जुड़ गए वही इन्होंने एक पुतल प जला दिया दूसरे को पुलिस ने जलन नहीं दिया वह





अपने साथ ले गई। गया। पुतला दहन तथा इनके प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने नगर पालिका की फायर गाड़ी से कड़ाके की ठंड पानी डालने का काम किया तो कार्यकर्ता उधर भागते हुए नजर आए। वहीं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, एवं कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पोस्टर हाथों में लेकर मॉफी मांगो के नारे लगाए कार्यकर्ताओ ने बस्टेण्ड पर धरना स्थल पर बैठकर करीब 1 घण्टे तक जोरदार प्रदर्शन किया इसके बाद पुतला दहन किया इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ओर पुलिस में पुतले को लेकर भयंकर खींचतान हुई प्रसाशन ने फायर बिग्रेड से कार्यकर्ताओ पर पानी की बौछार कर दी इसके बाद कार्यकर्ता रैली के माध्यम से बाबासाहेब अम्बेडकर अमर है के नारे लगाते हुए बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद तहसील कार्यालय पहुँचकर राष्ट्रपति महोदय के नाम गृहमंत्री की मंत्री पद से व सांसद पद से बर्खास्तगी की मांग की और जीतू पटवारी और अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए साथ ही दोनों नेताओं पर अनुसूचित जाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का सुबह से घने कोहरे में आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था।

**पुलिस 11 बजे से ही एक्टिव हो गई थी फिर भी जला दिया** –भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन की सूचना के चलते सुबह 11 से ही पुलिस एक्टिव हो गई थी थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पर मौजूद थे। इसके बाद भी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एक पुतले को आग के हवाले कर दिया इतना तामझाम होने के बाद भी पुतला दहन करने से पुलिस इनको नहीं रोक पाई।

### जम कर हुई खींचतान

पुतला दहन क समय भीम आर्मी कार्यकर्ताओ और पुलिस में काफी देर तक खींचातानी हुई पुलिस ने वाटर कैनिग से कार्यकर्ताओ पर पानी की बौछार कर दी इसके बाद भी कार्यकर्ता नही रुके अमित शाह और जीतू पटवारी का दूसरा पुतला दहन किया इस दौरान भीम आर्मी कार्यकर्त्ताओ और पुलिस में पुतले को लेकर काफी जंगी प्रदर्शन देखने को मिला। इस दौरान भीम आर्मी पूर्व भोपाल संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह, जिला आईटी सेल छोटू अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी नितेश राज, तहसील आईटी सेल निर्मल प्रभाकर, अभिषेक अहिरवार के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ मिल सकता है आराम

## रोहित-कोहली पर फैसला सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में होगा, सीरीज 22 जनवरी से

**मुंबई, एजेंसी**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में आराम दिया जा सकता है। इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले भारत के दौरे पर आ रही है। टीम को यहां 5 टी-20 और 3 वनडे की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 22 जनवरी से शुरू हो रही है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में बताया गया है कि बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तरह आराम दिया जा रहा है। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैचों में 141.2 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। सीरीज का एक मैच अभी बाकी है। बेशक, बुमराह ने बहुत ज्यादा बॉलिंग की। हमें सभी गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने के बारे में सोचना होता है। हालांकि, जब कोई खिलाड़ी अपने टॉप फॉर्म में हो, तो उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल भी करना चाहिए। ऐसा ही हमने बुमराह के साथ भी किया। तेज गेंदबाजों को लेकर हमें कई बार ध्यान रखना होता है, उन्हें लगातार बॉलिंग भी नहीं करा सकते। बुमराह के साथ भी हमने वर्कलोड का बहुत ध्यान रखा। मैं मैच के दौरान भी उनसे बात करता रहा कि वह बॉलिंग करने के लिए फिट फील कर रहे हैं या नहीं। जसप्रीत बुमराह मंगलवार को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए हैं। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रही भारतीय टीम का हिस्सा हैं। बुमराह क्ष्ल्ज्ञ-2024 में सबसे ज्यादा विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 4 टेस्ट की 8 पारियों में 30 विकेट चटकाए हैं।

### इंग्लैंड के भारत दौरे का शेड्यूल

रोहित-कोहली की उपलब्धता पर फैसला बैठक में होगा रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने पर फैसला सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में होगा। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों में महज 33 रन ही बना सके हैं, जबकि कोहली ने 4 मैचों में 167 रन बनाए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में प्रैक्टिस के उतरेंगे

यदि बुमराह को आराम दिया जाता है, उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में बिना प्रैक्टिस के जाना होगा। क्योंकि, जसप्रीत ने आखिरी वनडे मैच 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद में खेला था। वह वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच था। बुमराह ने उस मुकाबले में 2 विकेट लिए थे।

---

दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पोलो राइडिंग सेंटर में आयोजित

# राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में जीते 15 पदक और 2 चैंपियंस ट्रॉफी



**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पोलो राइडिंग सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 पदक (4 स्वर्ण, 6 रजत, 5 कांस्य) और 2 चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। यह प्रतियोगिता 20 से 30 दिसंबर 2024 तक सब-जूनियर, जूनियर, और युथ क्लास कैटेगरी के लिए आयोजित हुई।

**पदक विजेता खिलाड़ी :** टीम स्वर्ण पदक संस्कार राठौर, **टीम कांस्य पदक-** हमजा, विनीथ, अर्जुन मलैया, वात्सला

**सब-जूनियर ड्रेसाज व्यक्तिगत कांस्य पदक-** काव्यांश गोरे (घोड़ा- रॉक्टीयर)

जूनियर जम्पिंग, **रजत पदक-** कार्तिक (घोड़ा- आर्केन) **टीम रजत पदक-** राजू सिंह, मोक्ष पटेल, **व्यक्तिगत कांस्य पदक-** राजू सिंह,

**सब-जूनियर ग्रुप-1 ड्रेसाज**

**टीम रजत पदक-** जयवंत नवाले, दिव्यराज सिंह, आराध्या सिंह, **टीम कांस्य पदक-** जयवंत नवाले, दिव्यराज सिंह, आराध्या सिंह, देव चौधरी, **व्यक्तिगत रजत पदक-** दिव्यराज सिंह, **यंग राइडर इवेंटिंग स्वर्ण पदक-** राजू सिंह (घोड़ा- माता काली) **यंग राइडर इवेंटिंग टीम स्वर्ण पदक-** राजू सिंह (घोड़ा- माविलन), मोक्ष पटेल (घोड़ा- आर्केन)

**जूनियर इवेंटिंग स्वर्ण पदक-** अर्जुन मलैया (घोड़ा- लूक), **जूनियर इवेंटिंग रजत पदक-** हमजा (घोड़ा- हारलिसन), **सब-जूनियर इवेंटिंग कांस्य पदक-** जयवंत (घोड़ा- मारुति), सब-जूनियर इवेंटिंग रजत पदक- दिव्यराज सिंह (घोड़ा- वज़ीर)

---

विश्व ब्लिट्ज शतरंज फाइनल्स

# हंपी हुई बाहर भारत की आर वैशाली क्वार्टरफाइनल में

**न्यूयार्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप महिला वर्ग में क्वालीफायर राउंड जीतकर अंतिम-8 में जगह बना ली है। कोनेरू हंपी के शानदार प्रदर्शन के बाद वैशाली ने खेल से प्रशंसकों का दिल जीता। उन्होंने महिला वर्ग में 11 में से 9.5 अंक लेकर बाजी मारी। रूस की कैटरीना लागनो के 8.5 अंक रहे, जबकि बाकी छह क्वालीफायर के आठ अंक रहे। हंपी टाइब्रेकर के कारण नौवें स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। वैशाली का सामना चीन की झू जिनेर से होगा। **कार्लसन संयुक्त शीर्ष पर:** कार्लसन ने 13 में से 6 मुकाबले ड्रॉ खेले और क्वालीफायर के बाद संयुक्त शीर्ष पर रहे। इयान नेपोम्नियाश्चि ने 9.5 अंक के साथ क्वालीफायर जीता। भारत का कोई खिलाड़ी शीर्ष आठ में नहीं पहुंचा।



आर. वैशाली

---



## मेट्रो बाजार

# जीडीपी ग्रोथ रेट 6.6 फीसदी रहने की उम्मीद, बैंकों के खिलाफ शिकायतें बढ़ीं

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2024-25 में 6.6 फीसदी प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में आरबीआइ ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की जीडीपी को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी के साथ मजबूत सेवा निर्यात से मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि कॅमर्शियल बैंकों का परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) एक दशक के उच्चतम स्तर पर है, जबकि डूबा हुआ कर्ज 13 साल के निचले स्तर पर है। हालांकि अनसिक्योर्ड लोन बढ़ने से एनपीए में वर्ष 2026 के बाद इजाफा होने की आशंका है। वहीं, दूसरी तरफ आरबीआइ और केंद्र सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद बैंकों और वित्तीय संस्थानों के खिलाफ ग्राहकों की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। बैंकों के खिलाफ वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 9.34 लाख शिकायतें मिली, जो 2022-23 से 32.8 फीसदी अधिक है।

**बैंकों के खिलाफ इनकी शिकायतें**

**केसीसी:** राजस्थान दूसरे नंबर पर किसान क्रेडिट कार्ड के मामले में उत्तर प्रदेश 1.09 करोड़ कार्डधारकों के साथ नंबर वन पर काबिज है। यहां के किसानों को केसीसी से 1.39 लाख करोड़ रुपए का कर्ज मिला है। इस लिस्ट में 1.09 लाख करोड़ रुपए के कर्ज के साथ राजस्थान दूसरे नंबर पर है। वहीं, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश भी टॉप 5 राज्यों में शामिल हैं।

# स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने जनवरी- मार्च तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में लगातार चौथी तिमाही में कोई बदलाव नहीं किया है। मंगलवार को वित्त मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले अप्रैल-जून, जुलाई-सितंबर और अक्टूबर-दिसंबर (जुलाई-सितंबर) तिमाही में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। यानी, तिमाही के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और किसान विकास पत्र सहित सभी स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर मिलने वाले ब्याज दर अपरिवर्तित रहेंगी। अभी पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1 फीसदी और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2त्न ब्याज दर मिलती है। सरकार छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों पर फैसला लेने से पहले देश की लिक्विडिटी स्थिति और महंगाई पर भी नजर रखती है। हालांकि, छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की हर तीन महीने पर समीक्षा करती है। स्मॉल सेविंग्स स्कीमों पर ब्याज दरें 4त्न से 8.2त्न के बीच हैं। सरकार ने दिसंबर 2023 में इंटरेस्ट रेट्स में बढ़ोतरी की थी। स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरों का हर तिमाही में रिव्यू होता है।

---

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

## बच्चों के साथ समय न बिता पाने का मलाल



# अमिताभ बोले- अभिषेक व श्वेता के साथ उतना समय नहीं बिता सका, जितना चाहता था

अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने बच्चों पर बात की है। उन्होंने बताया है कि काम में व्यस्त होने के चलते वो अपने बच्चों की परवरिश में उतना समय नहीं दे सके, जितना वो देना चाहते थे। इसका कारण उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल को बताया है। हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति 16 की हॉटसीट में पहुंची महिला ने अमिताभ बच्चन से पूछा था कि जब आप पेरेंट्स बने थे तो बच्चों के आधी रात में उठने पर उन्हें चुप करवाने की जिम्मेदारी किसकी होती थी। इस पर बिग बी ने झट से कहा, जया की। आगे कंटेस्टेंट ने पूछा कि 6 महीने बाद बच्चों को खाना खिलाना बहुत बड़ा टास्क होता है, वो कौन करता था। अमिताभ बच्चन ने फिर बिना समय गंवाए कहा, जया करती थीं। बिग बी का जवाब सुनकर शो में मौजूद हर शख्स ठहाके लगाकर हंस पड़ा। आगे बिग बी ने कहा, सारा कुछ उन्होंने ही किया है, लेकिन हां, जितना समय हम अभिषेक और श्वेता के साथ बिताना चाह रहे थे, वो नहीं कर पाए। क्योंकि हमें काम होता था न। हमें सुबह 6 बजे जाना पड़ता था। रात को 12 बजे वापस आते थे। जब हम जा रहे होते थे, तब वो सोए होते थे और जब आते थे वो तब सो जाते थे। समय कम मिलता था। इस मलाल के बाद अमिताभ ने कहा, लेकिन अब वो बड़े हो गए हैं तो उनके साथ समय बिता लेता हूं। अमिताभ बच्चन के सेट पर जाते थे अभिषेक, मस्ती करने पर पुकार के सेट से बाहर निकाले गए थे। अभिताभ बच्चन ने भले ही कहा हो कि वो बच्चों के साथ ज्यादा समय नहीं बिता सके, लेकिन अभिषेक को पिता के साथ सेट पर बिताया समय हमेशा याद रहता है। कुछ साल पहले ही अभिषेक बच्चन ने पिता की फिल्म के सेट पर शरारत करने का किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया था कि वो 5 साल की उम्र में पिता की फिल्म के सेट पर जाते थे। एक बार अमिताभ फिल्म पुकार का क्लाइमैक्स सीन शूट कर रहे थे, जिस समय अभिषेक भी सेट पर थे। अभिषेक ने बताया था, गोवा में फिल्म पुकार की शूटिंग चल रही थी। मैं और गोल्डी बहल हम दोनों 5-6 साल के थे। हम सेट पर रखी गई नकली तलवारों से खेल रहे थे, जिससे वो टूट गईं। सेट का जरूरी सामान तोड़ने पर हमें सेट से भगा दिया गया था। बताते चलें कि अमिताभ बच्चन ने साल 1973 में जया बच्चन से शादी की थी। इस शादी के एक साल बाद कपल के घर बेटी श्वेता का जन्म हुआ और 1976 में बेटे अभिषेक हुए।

---

# सोना महापात्रा बोलीं- फेम मिलने के बाद ऐश्वर्या बदल गई, सुंदर के साथ होशियार भी बहुत थीं...

सोना महापात्रा ने बताया कि मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद ऐश्वर्या राय में बहुत सारे बदलाव आ गए हैं। सोना ने कहा कि पहले ऐश्वर्या बहुत हंसती थीं। शायद वो उनका दौर था। सुंदर होने के साथ-साथ वो बहुत होशियार भी थीं। हालांकि अब ऐसा नहीं है। यूट्यूब चैनल में शो की होस्ट ने बातचीत में कहा- अगर कोई व्यक्ति थोड़ा बेचारा भी हो तो वह इको-सिस्टम में बेहतर तरीके से फिट हो सकता है। फिर शो के होस्ट ने सोना से इस बात का मतलब पूछा तो सिंगर ने कहा- हमने इसे देखा है। मुझे याद है कि ऐश्वर्या राय से मेरी पहली मुलाकात तब हुई थी, जब मैं बॉम्बे में एनआईडी का एंट्रेंस एग्जाम देने आई थी। वह आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रही थीं। वह मुझसे उम्र में बड़ी हैं। वह बहुत खूबसूरत दिखती थीं। वह बहुत स्मार्ट थीं, बहुत अच्छा बोलती थीं। सोना ने आगे कहा- फिर एक समय ऐसा भी आया था जब मैं उन्हें इंटरव्यू में देखकर कहती थी- यह वह ऐश्वर्या नहीं हैं, जिसे मैंने देखा था। वह पहले बहुत हंसती थीं। शायद वह उनका दौर था। वह बहुत बुद्धिमान महिला थीं। लेकिन जिस इंडस्ट्री में ऐश्वर्या हैं, शायद वो इंडस्ट्री उन्हें बहुत ज्यादा स्मार्ट नहीं बनने के लिए मजबूर करती है। शायद मेरा यह कहना गलत भी हो सकता है।



**ऐश्वर्या ने 1997 में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था:** बताते चलें, ऐश्वर्या राय आर्किटेक्ट बनना चाहती थीं। हालांकि बाद में उन्होंने मॉडलिंग के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 1994 में उन्होंने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने 1997 में मणिरत्नम की तमिल फिल्म इरुवर से शुरुआत की। उन्होंने उसी साल 'और प्यार हो गया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

---

# पलक तिवारी की डेटिंग की अफवाहों पर बोलीं श्वेता तिवारी, कहा- मुझे रूमर्स से कोई फर्क नहीं पड़ता

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। अक्सर पलक तिवारी का नाम सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम के साथ जोड़ा जाता है। इसी बीच अब पलक की मां श्वेता ने बात की है। उन्होंने कहा कि उन्हें अब इन सबसे फर्क नहीं पड़ता है। पलक स्ट्रॉन्ग है पर उसके लिए डर लगता है। श्वेता तिवारी ने इंडियन एक्सप्रेस स्क्रीन से हुई बातचीत में कई खुलासे किए हैं। इस दौरान उनसे पलक की डेटिंग की खबरों के बारे में पूछा गया। जिसका जवाब देते हुए श्वेता ने कहा- मैं रूमर्स से जरा भी परेशान नहीं होती हूं। इतने सालों में मुझे यह समझ आया कि लोगों की यादाश्त सिर्फ 4 घंटे तक काम करती है। इसके बाद वे खबर भूल जाते हैं। तो परेशान क्यों होना? अफवाहों की मानें तो मेरी बेटी हर तीसरे बंदे को डेट कर रही है। हर साल मेरी शादी हो रही है। श्वेता ने आगे कहा- 'रूमर्स के मुताबिक, मेरी शादी तीन बार हो चुकी है। इन सब चीजों से मुझे अब कोई फर्क नहीं पड़ता। पहले जब सोशल मीडिया नहीं था तब फर्क पड़ता था। एक्टर्स के बारे में निगेटिविटी बिकती है। मैंने अपनी लाइफ में काफी चीजों से डील किया है। उसके बाद इन सबका मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

### पलक ने सिखाया ट्रोल्स से कैसे डील करना है

श्वेता बोलीं, पहले जनता को भी कन्विंस करना आसान था लेकिन अब लोग समझ गए हैं। पलक ने ही मुझे सिखाया है कि ट्रोल्स से कैसे डील करना है। अब मुझे इससे डर नहीं लगता। पलक जैसी भी दिखे लेकिन वह बहुत मासूम है, लोगों को पलटकर जवाब नहीं देती। किसी को भी ट्रोल करना काफी खराब है। पलक स्ट्रॉन्ग है लेकिन सोचती हूं कि अगर उसको इन सबका फर्क पड़ता होगा तो? कहीं उसका कॉन्फिडेंस कम हो गया तो, तब क्या होगा?



### श्वेता और राजा चौधरी की बेटी हैं पलक

बता दें कि पलक, श्वेता और उनके पहले पति राजा चौधरी की बेटी हैं। श्वेता और राजा का 2007 में तलाक हो गया था। बाद में श्वेता ने अभिनव कोहली से शादी की, जिनसे उनका बेटा रेयांश है। अब श्वेता अपने दोनों बच्चों की देखभाल अकेले कर रही हैं।

### सिंघम अगेन में नजर आई थी श्वेता तिवारी

वहीं बात करें वर्कफ्रंट की तो श्वेता हाल ही में रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आई थीं। जिसमें वह एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का रोल निभाती दिखीं। इस फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, और अर्जुन कपूर भी थे। इसके अलावा श्वेता, रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी नजर आई थीं। सीरीज में श्वेता ने विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका निभाई थी।

### सभी बदमाशों पर कई मामले हैं दर्ज, अब रिमांड पर

# डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार पिस्टल-कारतूस बरामद

**आरोपियों को रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी की अयोध्या नगर पुलिस ने बीती रात पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी टनाटन ढाबे के पीछे राजीव नगर स्थित एक मकान पर डकैती डालने की योजना बना रहे थे। उनके पास से पुलिस ने पिस्टल, कारतूस और चाकू-छुरी समेत अन्य हथियार बरामद किए हैं। सभी बदमाशों को रिमांड पर लेकर इलाके में हुई चोरी और नकबजनी की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब दस बजे मुखबिर से सूचना मिली कि अयोध्या नगर फेस-पांच स्थित ग्राम अरहेड़ी के पास कुछ लोग हथियार लेकर अंधेरे में खड़े हुए हैं और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बताए गए स्थान पर दो मोटर सायकिलें खड़ी दिखाई दी और उनके पास ही कई युवक खड़े हुए थे। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर युवकों को ललकारा तो सभी वहां से भागने लगे। पहले से अलटी रही पुलिस ने सभी युवकों को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास पिस्टल, कारतूस और चाकू-छुरी समेत अन्य हथियार बरामद हुए। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम शिवनारायण प्रजापति, जितेन्द्र राजपूत, रजन कुडे, जसवंत सेन और नीरज मालवीय बताए। उसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। राजीव नगर में करने वाले थे वारदात प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने टनाटन ढाबे के पीछे राजीव नगर स्थित एक मकान की रैकी की थी, जहां वह डकैती डालने वाले थे। इसके पहले भी पुलिस ने सभी आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी मूलतः सागर, उत्तर प्रदेश, विदिशा, कटारा हिल्स भोपाल के रहने वाले बताए गए हैं। उनके खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से इलाके में हुई अन्य चोरी और नकबजनी की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।



**शराब के लिए दंपति से की अड़ीबाजी**

**भोपाल।** टीटी नगर में रहने वाली एक महिला और उसके पति के साथ तीन बदमाशों ने शराब के लिए अड़ीबाजी की। दंपति ने जब रुपये देने से इंकार किया तो बदमाशों ने उनके दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सृष्टि साल्वे पत्नी रोहित साल्वे (28) पंचशील नगर में रहती है और गृहणी है। सोमवार तड़के करीब चार बजे बदमाश नीलेश, नरेंद्र और आरिफ महिला के घर पहुंचे। तीनों ने महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए शराब पीने के लिए दो हजार रुपये देने की मांग की।

# नव विवाहिता ने दी जान, पति समेत ससुराल पक्ष पर एफआईआर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। गुनगा थाना क्षेत्र स्थित केशूखेड़ी कस्बे में दो दिन पूर्व रविवार सुबह एक नव विवाहिता ने कुएं में कूदकर जान दे दी?थी। पुलिस ने महिला की लाश कुएं से बाहर निकाल पीएम के बाद परिजन को सौंप दी थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मृतिका के पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज मृत्यु का प्रकरण दर्ज किया है।

**खेती किसानी करता है पति अनवर खान**

पुलिस के अनुसार रुकसार बी पति अनवर खान (19) गांव केशूखेड़ी गुनगा में रहती थी। उसकी एक साल पूर्व ही अनवर खान से शादी हुई थी। अनवर खान खेती किसानी करता है और खेत पर ही उसका मकान बना है। उसने पुलिस को सूचना दी थी कि सुबह करीब छह बजे रुकसार ने कुएं में छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रुकसार की लाश बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दी थी।

**दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से कर रहे थे प्रताड़ित**

**प्रताड़ित करने और हत्या के आरोप**

रुकसार बी का मायका गुनगा में ही एक कस्बे में है। घटना की जानकारी मिलते ही उसके मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए थे। मायके पक्ष ने पति समेत ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने और हत्या के आरोप लगाए थे। पुलिस ने जांच के बाद पति अनस, हनीफ खान, नजमा बी, शरीफ खान और वाजिदा की पर दहेज मृत्यु का प्रकरण दर्ज किया है।

## अड़ीबाजी-तोडफोड़ करने वाले बदमाश गिरफ्तार, तलवार लहराते वायरल किया था वीडियो



**भोपाल।** टीटी नगर स्थित प्रियदर्शनी नगर में स्कार्पियो वाहन में तोडफोड़ और अड़ीबाजी करने वाले पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तलवार लहराते हुए धमकी देने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वीडियो वायरल होने के बारह घंटे के भीतर पुलिस ने सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आमजन में बदमाशों की दहशत दूर करने के लिए इलाके में उनका जुलूस भी निकाला गया। पुलिस के मुताबिक प्रियदर्शनी नगर में रहने वाले रतन ठाकुर ने मामले की शिकायत की थी। उसने पुलिस को बताया कि पांच लड़कों ने स्कार्पियो कार खड़ी करने के लिए पांच हजार रुपये की अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर गाड़ी में तोडफोड़ कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। फरियादी ने यह भी बताया कि इसके पहले हबीबगंज इलाके में हुई घटना को लेकर पुरानी रंजिश के चलते ऐसा किया गया है। घटना के बाद बदमाशों ने तलवार और चाकू लहराते हुए धमकी देने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस वीडियो में बदमाश गाली-गलौज भी करते दिखाई दे रहे थे। सभी आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे अपराध दर्ज करने और वीडियो वायरल होने के बाद बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम लगाई गई थी। टीम ने मुखबिरों मदद से इलाके की घेराबंदी की और आरोपी नीलेश उर्फ गजनी निवासी ईश्वर नगर चार इमली, जय राउत, आकाश गजभिए, लक्की सेन और रितिक बाल्मीकि सभी निवासी ज्योतिबा फुले नगर थाना हबीबगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों का इलाके में जुलूस भी निकाला गया।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी विदाई




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल पुलिस में लंबे सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हुए 11 अधिकारियों और कर्मचारियों की भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उपहार एवं श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान की महत्वपूर्ण घटनाओं एवं पलों को सभी से साझा किया। इसके साथ ही माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के सपोर्ट और सहयोग को याद करते हुए भोपाल पुलिस तथा मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए आधार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त संजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, बसंत कौल, विक्रम सिंह रघुवंशी, महावीर सिंह मुजाल्दे, सहायक पुलिस आयुक्त स्वाति मुराव तथा सेवानिवृत्त अधिकारी व उनके परिजन एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इन अधिकारियों-कर्मचारियों को दी गई विदाई सुशील कुमार तिवारी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, अनिल कुमार शुक्ल सहायक पुलिस आयुक्त, सुनील कुमार श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त, रामनरेश सिंह चौहान कार्यवाहक निरीक्षक, शंकरलाल कार्यवाहक उपनिरीक्षक, दिनेश प्रताप सिंह कार्यवाहक उप निरीक्षक, जागेश्वर प्रसाद रावत सहायक उपनिरीक्षक, बसंत श्रीवास्तव कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक, अमर सिंह चौहान कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक, फूलसिंह मर्शकोले सहायक उप निरीक्षक और कन्हैयालाल पांडे कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं।

# फिनाइल पीने से महिला की इलाज के दौरान मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद इलाके में रहने वाली एक महिला ने पति से कहासुनी के बाद घर में रखा फिनाइल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक सरोज रावत पत्नी उमेश रावत (26) मूलतः सागर की रहने वाली थी। पिछले दो महीने से वह दानिश नगर मिसरोद में पति के साथ रह रही थी और मजदूरी करती थी। पिछले दिनों उमेश के भाई की अचानक तबीयत खराब हो गई। इस पर उमेश ने पत्नी को सागर चलकर भाई को देखकर आने की बात कही। इसको लेकर 28 दिसंबर को दोनों के बीच बहसबाजी हो गई। विवाद आगे नहीं बढ़े, इसलिए उमेश घर के बाहर जाकर बैठ गया।

इधर सरोज ने गुस्से में आकर घर में रखा फिनायल पी लिया। तबीयत बिगडने् पर उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार सुबह सरोज ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**एसिड पीने से महिला की मौत**

**भोपाल।** कोलार इलाके में रहने वाली एक महिला ने धोखे से एडिस पी लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रीति केवट पत्नी गोलू केवट (29) ललिता नगर के पास ओमनगर बस्ती में रहती थी और गृहणी थी। उसका पति मजदूरी करता है। पिछले महीने 27 नवंबर को प्रीति ने पानी के धोखे में एसिड पी लिया था। तबीयत बिगडने् पर अलग-अलग अस्पतालों में उसका इलाज करवाया गया। फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। परिवार वालों ने भी धोखे से एसिड पीने की बात पुलिस को बताई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रीय कम्प्यूटर प्रतियोगिता के लिए चयन

# ऑटोमेशन स्यर्घा में एसआई तोमर को पहला स्थान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024-2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अकादमी भौंरी, भोपाल में किया गया।

**राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता**

जिसमें पुलिस मुख्यालय, भोपाल के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र तोमर, प्रशासन शाखा (विधि-2) ने ईवेंट-2 ऑफिस ऑटोमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही तोमर पुलिस मुख्यालय की राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता की टीम में भी चयनित हो गए हैं।



विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशासन विजय कटारिया ने राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में तोमर और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि पुलिस मुख्यालय भोपाल की पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है।

धर्मेन्द्र तोमर की इस सफलता से अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रेरित होंगे और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उम्मीद है कि वे वहां भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और भोपाल पुलिस मुख्यालय का नाम रोशन करेंगे।

कटारिया द्वारा तोमर को नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन रुचिवर्धन मिश्र सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में तोमर और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी।

# प्राणघातक हमले का आरोपी पुलिस के हत्थे

**वारदात में उपयोग की गई छुरी बरामद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्टेशन बजरिया पुलिस ने एक युवक पर छुरी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से वारदात में उपयोग की गई छुरी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार और लड़ाई झगड़े के चार अपराध पहले से दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार मो। शाहिद पुत्र मो। शहीद (29) कपड़ा मिल की चाल स्टेशन बजरिया में रहता है। बीती 29 दिसंबर की रात करीब दस बजे वह विजय नगर स्थित आंगनबाड़ी के पास बैठकर अपने दोस्त से बातचीत कर रहा था। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला शेख अरमान पहुंचा। उसने बोला कि पुराने झगड़े की जानकारी मेरी पत्नी को क्यों दी। इसी को लेकर वह शाहिद के साथ गाली-गलौज करने लगा। शाहिद ने जब गाली देने से मना किया तो उसने अपने पास रखी छुरी से उस पर हमला कर दिया। शाहिद ने वार बचाने के लिए हाथ उठाया तो उसकी कलाई कट गई। दोस्त ने उसे इलाज के लिए तत्काल ही अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी शेख अरमान के खिलाफ प्राणघातक हमले का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी शेख अरमान को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त छुरी जब्त कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022